प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

12.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

## रेल टिकट

भारतीय रेल ने तत्काल टिकट के लिए नए नियमों की घोषणा की है। पहली जुलाई से केवल वे लोग ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम –आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। 15 जुलाई से यह नियम आरक्षण काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराने पर भी लागू होंगे। तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से बुक कराने और यात्रियों के हित को सुरक्षित रखने के लिए यह फैसला किया गया है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल के साथ मुलाकात की। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और संगठन को लेकर उनसे चर्चा की। मुख्यमंत्री का आज भी कई केन्द्रीय मंत्रियों के साथ भेंट का कार्यक्रम है।

## सीमा शुल्क

केंद्र सरकार ने सूरजमुखी, सोयाबीन और ताड़ के तेल सहित कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क को 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। अब कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच आयात शुल्क अंतर 8 दशमलव सात–पांच प्रतिशत से 19 दशमलव दो–पांच प्रतिशत हो गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों को कम करना, उपभोक्ताओं को राहत देना और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना है।

## हर्ष महाजन

भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 11 वर्ष स्वर्णीम रहे हैं। सोलन में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हर्ष महाजन ने कहा कि इस दौरान देश ने संकल्प से सिद्धि तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि आज जहां भारत की विश्व में जय–जयकार हो रही  है वहीं सरकार की योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचा है।

## शंकराचार्य

जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने केंद्र सरकार से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की है। शैलेंद्र योगीराज ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि देशभर में गौ ध्वज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से केंद्र सरकार और सभी 36 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से गाय को राष्ट्र माता व राज्य माता घोषित करने की मांग की जा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने स्तर पर गाय को राज्य माता का दर्जा देना चाहिए।

बरामद

चंबा जिला की मंगला पंचायत की ओडरा खड्ड में बीते राजे नहाते समय डूब गए दो युवकों में से दूसरे युवक का शव भी आज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बरामद कर लिया है। एक युवक का शव बीते रोज ही मिल गया था। ये दोनों युवक चुराह क्षेत्र के चांजू के रहने वाले थे। खड्ड में नहाते समय इन्हें पानी की गहराई का अनुमान नहीं हुआ और वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवा कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी का क्रम लगातार जारी है। इससे राज्य के मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज राज्य के मैदानी जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि 13 से 15 जून तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने और अंधड़ चलने की सम्भावना है।

*पूरे प्रदेश में 13 जून तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। इसी दौरान प्रदेश के ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर, शिमला और सोलन में हीटवेब चलने की संभावना है। इसे देखते हुए 12 तारीख को स्पेशल डिस्टिक ऊना, कांगड़ा व मंडी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हीटवेब को सीवीयर हीट वेब की संभावना है। संभावना है कि प्लेन व मध्यवर्ती क्षेत्र हैं वहां कई क्षेत्रों में हीटवेब की संभावना बन सकती है दिन के समय में।*